दिनांक : 01.03.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–एनएक्सटी कॉन्क्लेव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व 21वीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में एन एक्स टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जानने के लिए दुनियाभर से लोग भारत आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए वोकल फॉर लोकल यानी स्थानीय उत्पादों को बढावा देने और लोकल फॉर ग्लोबल यानी वैश्विक उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बनाने की परिकल्पना अब वास्तविकता में बदल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब किसान अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार में बेच रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा, सरकार की मुख्य प्राथमिकता है और शिक्षा नीति ने विद्यार्थियों को पुस्तकों से हटकर सोचने का अवसर दिया।

जन चेतना सप्ताह

देशभर में आज से जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

श्री नड्डा ने कहा कि लोगों को कम दाम पर दवाएं उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है और सरकार ने अपना दायित्व निभाया है।

जन औषधि जन चेतना सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा।

लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट में किसान सम्मेलन और दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 264 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से तैयार हुए 78 विकास कार्यो का लोकार्पण और 61 करोड़ 93 लाख रुपये के नए कार्यो का भूमिपूजन किया । साथ ही वे यहां 2520 दिव्यांगजनों को 2 करोड़ 64 लाख रुपये के सहायक उपकरण भी वितरित कर रहे है। । मुख्यमंत्री हितग्राही मूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी प्रदान करेंगे।

वेव्स–2025

युवा पीढ़ी को संगीत की समृद्ध सुंदरता और विविधता से अवगत कराने के लिए वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट यानि वेव्स, बैटल ऑफ़ द बैंड्स की अपार सफलता के बाद, अब गर्व से बैटल ऑफ़ द बैंड्स ग्लोबल प्रस्तुत कर रहा है। यह रोमांचकारी नई पहल बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए निरुपित की गई है। यह कार्यक्रम प्रसार भारती और सारेगामा के सहयोग से वेव्स सीज़न वन के क्रिएट इन इंडिया चैलेंज के अंतग

र्त प्रतिभागी बैंड्स को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अविश्वसनीय मंच प्रदान करता है। यह शिखर सम्मेलन आगामी 1से 4 मई, तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। वेव्स प्रसारण और इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी –एक्सआर, डिजिटल मीडिया और नवाचार तथा फ़िल्म –चार प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के मनोरंजन उद्योग के भविष्य को प्रदर्शित करने के लिए लीडर्स, रचनाकारों और प्रौद्योगिकीविदों को एक साथ लाएगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त कॉन्फ्रेंस

विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आज से 4 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल हो रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- हुनर इन्नोवेटिव कार्यक्रम के अंतर्गत कल आगरमालवा स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए प्रशिक्षण दिया गया।
- नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने त्योंहारों को देखते हुये कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।
- पवित्र महा रमजान की शुरूआत होने जा रही हैं। भोपाल में रमजान महीने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोग पहला रोजा रखेंगे जबकि आज शाम को विशेष नमाज तरावीह शुरू हो जाएगी,जो ईद का चांद दिखने तक जारी रहेगी।

————————